आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 14.12.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आंध्रप्रदेश के मदनपल्ली में 'अटल–मोदी सुशासन यात्रा' में प्रतिभाग किया और जनसभा को संबोधित किया।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को ˙ बागवानी आधारित पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।
- विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि महिलाओं का वास्तविक सशक्तीकरण तभी संभव है जब वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हों।
- **अ** ष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से अखिल भारतीय स्तर पर कल से बाघ गणना का कार्य शुरु किया जाएगा।

**जनसभा संबोधन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आंध्रप्रदेश के अन्नामय्या जिले के मदनपल्ली में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'अटल–मोदी सुशासन यात्रा' में प्रतिभाग किया और जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर आंध्रप्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित इस यात्रा में उपस्थित होकर वह स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मर्यादाओं एवं मानवीय मूल्यों का जीवंत प्रतीक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, ग्राम सड़क योजना और दूरसंचार क्रांति जैसी अनेक उपलब्धियाँ हासिल कीं। देश में गठबंधन सरकार का सफल कार्यकाल पूरा कर उन्होंने यह साबित किया कि जब उद्देश्य राष्ट्र की प्रगति हो, तो सभी दल एकजुट होकर कार्य कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की प्रेरणा से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में निरंतर नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

**कृषि मंत्री गणेश जोशी**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को प्रदेश में बागवानी आधारित पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में अयोजित बैठक

में श्री जोशी ने ड्रैगन फ्रूट और कीवी की खेती के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसानों को इस क्षेत्र से जोड़ा जाए।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान और अतिवृष्टि के कारण फसलों को होने वाले नुकसान को फसल बीमा योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए।

गणेश जोशी ने बताया कि वर्ष 2025–26 के लिए सरकार ने "सी" ग्रेड माल्टा और पहाड़ी नींबू यानी गलगल उत्पादकों को उनके फलों का उचित मूल्य देने का निर्णय लिया है। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था का लाभ किसानों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने पर बल दिया और इसके लिए खरीद केंद्रों की व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए।

## ऊर्जा संरक्षण दिवस

आज ऊर्जा संरक्षण दिवस है। ऊर्जा दक्षता में राष्ट्र की उपलब्धियों को दर्शाने और ऊर्जा संरक्षण के महत्व को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष आज के दिन यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण–2025 पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि बचत की गई ऊर्जा की हर इकाई प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को दर्शाती है। यह भविष्य के लिए संवेदनशीलता और परवाह का भी परिचायक है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत ने ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के पहले भारत ने अपनी स्वच्छ ऊर्जा वचनबद्धताओं को पूरा किया है। यह उन्नत ऊर्जा दक्षता और कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।

## ऋतु खंडूड़ी भूषण

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि महिलाओं का वास्तविक सशक्तीकरण तभी संभव है जब वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हों। ऋतु खंडूड़ी भूषण पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के 47वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने पीआरएसआई की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने में एक सशक्त सेतु का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं को रोजगार, उद्यमिता और निर्णय प्रक्रिया में समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक समावेशी विकास की कल्पना अधूरी

रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनसंचार और पब्लिक रिलेशन आज देश और प्रदेश के विकास का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है, जिसके जरिए सरकार और जनता के बीच मजबूत संवाद स्थापित किया जा सकता है।

उन्होंने इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पीआर और कम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं।

**बाघ गणना**

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण–एन.टी.सी.ए की ओर से अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली बाघ गणना कल से शुरू हो रही है। यह गणना फरवरी 2026 तक चलेगी, जबकि इसके आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट अप्रैल माह तक जारी की जाएगी। एनटीसीए द्वारा यह गणना प्रत्येक चार वर्ष में देश के सभी टाइगर रिजर्व में एक साथ कराई जाती है, ताकि बाघों की संख्या और स्थिति का आकलन किया जा सके। इसके अलावा बाघों की नियमित निगरानी के लिए एनटीसीए टाइगर रिजर्व में अपने स्तर से आंतरिक गणना भी करता है।

वर्ष 2022 में हुई गणना के अनुसार कार्बेट टाइगर रिजर्व में 260 बाघ पाए गए थे, जबकि आंतरिक गणना में बाघों की संख्या 252 दर्ज की गई थी।

इस बार की बाघ गणना को लेकर कार्बेट पार्क सहित नैनीताल जिले के सभी वन प्रभागों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी आकाश गंगवार ने बताया कि विभिन्न तकनीकों के माध्यम से बाघ गणना का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

**परीक्षा स्पेशल ट्रेन**

रेलवे भर्ती परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए देहरादून और मुरादाबाद के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन कल से 9 जनवरी तक निर्धारित तिथियों पर संचालित होगी और बिजनौर–गजरौला मार्ग से होकर चलेगी, जिसमें लक्सर में ठहराव भी दिया गया है।

हरिद्वार स्टेशन अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि आरआरबी परीक्षा को देखते हुए मुरादाबाद से स्पेशल ट्रेन रात में रवाना होकर सुबह देहरादून पहुंचेगी, जबकि देहरादून से यह ट्रेन शाम को चलकर सुबह मुरादाबाद पहुंचेगी। ट्रेन अमरोहा, गजरौला, मंडी धनौरा, चांदपुर, हल्दौर, बिजनौर, बसी किरतपुर, लक्सर, ज्वालापुर और हरिद्वार जैसे स्टेशनों से होते हुए अपना रास्ता तय करेगी।

रेलवे प्रशासन के अनुसार यह व्यवस्था परीक्षा के दिनों में यात्रियों और परीक्षार्थियों को आवागमन के लिये सुविधा देने के उद्देश्य से की गई है।

बागेश्वर

बागेश्वर में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में अस्मिता खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अंडर–14 एवं अंडर–16 बालिका वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर से कुल 150 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें 60 मीटर व 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला क्षेपण व चक्का क्षेपण की स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

**मौसम चमोली**

प्रदेशभर में मौसम का मिजाज लगातार बदलता जा रहा है। पहाड़ों में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। सीमान्त जनपद चमोली के बदरीनाथ, नीतिघाटी में तापमान में लगातार कमी आ रही है, जिससे निचले क्षेत्रों में कडाके की ठंड महसूस की जा सकती है। प्रशासन की ओर से अलग अलग स्थानों पर अलाव की व्यवस्थायें की गई है। वहीं उंचाई क्षेत्रा में तापमान माइनेस 20 डिग्री तक पहुंच गया है जिससे पानी जमने लगा है, बदरीनाथ धाम में बहता पानी, झरने जम गये हैं।